लिली और रोज़ी

लिली और रोज़ी नाम की दो बहुत ही प्यारी लड़कियां थी। वे एक दूसरे की पक्की सहेली थी। वे कभी भी लड़ाई नहीं करती थी। वे हमेशा एक-दूसरे का ध्यान रखते थे। एक दिन खेल-खेल में लिली का सबसे पसंदीदा खिलौना टूट गया।लिली बहुत रोने लगी। लिली को रोता देख रोज़ी भी रोने लगी,
लेकिन रोज़ी ने जल्दी से अपना रोना बंद किया और दौड़ कर अपने घर गई। अपना सबसे पसंदीदा खिलौना लेकर लिली को दिया। लिली खिलौना देख कर खुश हो गई,और वे दोनों आपस में मिलकर पहले की तरह खेलने लगे।

प्रश्न १. कहानी का क्या नाम है ?

उत्तर ____

प्रश्न २.लिली क्यों रोने लगी थी ?

उत्तर ____

प्रश्न ३.रोज़ी ने लिली को क्या दिया ?

उत्तर ____